कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री सत्येन्द्र गुणावत पुत्र रामलाल जाति मीना निवासी 77, स्वरुप बिहार विस्तार–रामनगररिया रोड, जगतपुरा, जयपुर (राज0) 302017

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, दौसा

अपील सं0 64 / 2017

निर्णय दिनांक 30.11.2017

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, दौसा को सूचना / नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना / नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल / सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि तहसीलदार, दौसा द्वारा उनके पत्रांकः केशियर / 2017 / 338 दिनांक 27.11.2017 द्वारा अपीलांट श्री सत्येन्द्र गुणावत को सूचना जारी कर दिया जाना अंकित कर पत्र इस कार्यालय को भिजवाया गया है। साथ ही अपीलांट का हस्तलिखित पत्र जिसमें अपील में कोई कार्यवाही नहीं चाहना व अपील वापिस लेना अंकित किया गया है, संलग्न भिजवाया गया है। उक्त पत्रादि पत्रावली में संलग्न हैं। इससे स्पष्ट होता है कि आवेदक को वॉछित सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official